तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 5 मई 2026

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]



13 समाधान शिविर में ग्रामीणों को मिला त्वरित लाभ





14 बंगाल-असम चुनाव में भाजपा की जीत पर धमतरी में जश्न




## खबर संक्षेप

### पेयजल संकट से निबटने कलेक्टोरेट में कंट्रोल रूम



**धमतरी।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र में जिला स्तर पर पेयजल की समस्याओं का त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07722-232249 है। कंट्रोल रूम में कर्मचारी की भी ड्यूटी लगाई गई है।

### प्रायोगिक परीक्षा 6 को

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में अध्ययनरत बीएससी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर (नियमित एवं स्वाध्यायी) की छात्राओं की रसायनशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 6 मई को प्रातः 8 बजे से होगी। सभी परीक्षार्थी अपने प्रेक्टिकल रिकार्ड के साथ नियत तिथि एवं समय पर महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।






15 साल में 106 हेक्टेयर वनक्षेत्र में कटाई और कब्जा करने का मामला

# टाइगर रिजर्व के कोरक्षेत्र में अतिक्रमण, कथित प्रकृति प्रेमियों की अग्रिम जमानत खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला एवं सत्र न्यायालय धमतरी ने उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के कोरक्षेत्र में अवैध अतिक्रमण एवं बड़े पैमाने पर वन क्षति के आरोप में 31 व्यक्तियों द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। इसे वन संरक्षण एवं कानून के सख्त पालन की दिशा में न्यायालय का महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अग्रिम जमानत खारिज होने के बाद वन विभाग ने आरोपियों की गिरफ्तारी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व से प्राप्त जानकारी के अनुसार इसरो से प्राप्त उपग्रह चित्रों के विश्लेषण यह स्पष्ट हुआ है कि वर्ष 2011 में लगभग 45 हेक्टेयर से शुरु हुआ अतिक्रमण 15 वर्षों में बढ़कर 106 हेक्टेयर तक पहुंच गया है। 2008 से 2022 तक के कार्टोसैट उपग्रह आंकड़ों में 2010 के बाद वन आच्छादन में लगातार कमी दर्ज की गई है। मामले में सभी 166 आरोपियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 35, वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट 1972 एवं इंडियन फारेस्ट एक्ट 1927 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत नोटिस दिए गए, जिसके बावजूद कई आरोपियों ने जांच में सहयोग नहीं किया। हाल में की गई जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने संरक्षित कोरक्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश कर लंबे समय तक वन संसाधनों को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। करीब 200 वृक्षों की छाल को छिलकर सुखाया गया। 63 पेड़ों को काटा गया तथा ठूंठों को जलाकर 26.349 हेक्टेयर पर अतिक्रमण किया गया। इस मामले में वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट के तहत 7 साल के कारावास का प्रावधान है।



### आरोपियों की धरपकड़ शुरु

टाइगर रिजर्व से प्राप्त जानकारी के अनुसार अग्रिम जमानत खारिज होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है तथा अतिक्रमणकारियों को वनभूमि से बेदखल करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। वन विभाग ने कहा है कि टाइगर रिजर्व जैसे संवेदनशील क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण एवं वन विनाश के विरूद्ध शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई गई है। जैव विविधता संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा सुनिश्चित करने दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

### अतिक्रमणकारियों ने स्वयं को बताया- प्रकृति प्रेमी

विभागीय नोटिस के जवाब में आरोपियों ने लिखित में स्वीकार किया है कि उनके पास अतिक्रमित वनभूमि का कोई वैध स्वामित्व प्रमाण नहीं है। उन्होंने अपने पूर्वजों द्वारा लंबे समय से खेती करने का दावा किया है और स्वयं को प्रकृतिप्रेमी बताया है। जबकि मौके पर जब्त किए गए साक्ष्य पेड़ों की छाल को छिलकर सुखाए गए वृक्ष, जले हुए ठूंठ उनके दावों का खंडन करते हैं। छत्तीसगढ़ भुईयां एप के माध्यम से की गई जांच में अधिकांश आरोपियों के नाम से रिजर्व क्षेत्र के बाहर अन्य भूमि उपलब्ध है जिससे उनके भूमिहीन होने के दावे को निराधार साबित करते हैं।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अज्ञात कारणों से एक युवक ने खाली गैराज में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

पुलिस के अनुसार पोस्ट आफिस वार्ड के इंदिरा नगर निवासी शुभम यादव पिता राजेश उम्र 19 वर्ष दुर्ग में गार्ड का काम करता था। दीपावली के बाद से युवक दुर्ग में ही रह रहा था। युवक रविवार को धमतरी पहुंचा था जो देर रात्रि तक साथियों के साथ मोहल्ले के चौक में खड़ा था लेकिन युवक अपने घर नहीं गया। रात्रि में सिद्धि विनायक अस्पताल के सामने स्थित खाली पड़े गैराज में बने शेड के लोहे के पाइप में गमछे की रस्सी बना फांसी लगा ली। सोमवार की सुबह जानकारी होने पर घटना की सूचना सिटी कोतवाली को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया।



# राइफल का चेंबर फटा, जवान घायल

- प्रदेश के 136 जवानों को धमतरी में दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

फायरिंग रेंज में फायरिंग के अभ्यास के दौरान राइफल का चेंबर फटने से नगर सेना का जवान घायल हो गया। घायल जवान का रायपुर के अस्पताल में उपचार जारी है। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के नगर सेना के 136 जवान प्रशिक्षण के लिए धमतरी आए हैं। लगभग महीने भर से जवानों की ट्रेनिंग चल रही है। प्रशिक्षण का सोमवार को अंतिम दिन था। अंतिम दिवस जवानों की लीडरशिप ट्रेनिंग मरादेव/रूद्री के फायरिंग रेंज में चल रही थी जिसमें विभिन्न जिलों से आए 136 जवान शामिल थे। प्रशिक्षण में बलौदाबाजार जिले का ग्राम भटगांव


▶▶ शेष पेज 13 पर




### अंतिम दिन फायरिंग का प्रशिक्षण

प्रशिक्षक प्रभारी एएसआई डीआर बांधे ने मीडिया को बताया कि सोमवार को जवानों की लीडरशिप ट्रेनिंग थी। अंतिम दिन फायरिंग का प्रशिक्षण दिया जाता है। एक जवान को 20 राउंड फायरिंग करना होता है। यह अंतिम ग्रुप था। इसमें 4 प्लस 4 का टारगेट रहता है। उसके हिसाब से जवानों को नंबर दिया जाता है। राइफल की नियमित रुप से साप्ताहिक जांच होती है। इसे माना ट्रेनिंग सेंटर से लाया गया था। हो सकता है कि गर्मी की वजह से ऐसा हुआ होगा। यह जांच के बाद ही पता चल पाएगा।

### घायल जवान को नहीं मिली सरकारी एम्बुलेंस

उपचार के लिए लाए गए घायल जवान को रायपुर ले जाने जिला अस्पताल में एम्बुलेंस नहीं मिली, जबकि अस्पताल में तीन शासकीय एम्बुलेंस है। दो घंटे के बाद घायल को वरदान परमार्थ सेवा की निजी एम्बुलेंस से रायपुर के अस्पताल पहुंचाया गया। इस तरह की स्थिति अस्पताल की गंभीर लापरवाही को उजागर करती है।









## खबर संक्षेप

### विवान ने हासिल किए 100 में 100 अंक



पुरी। स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट एक्सीलेंस इंग्लिश मीडियम स्कूल चर्रा (कुरूद) में वर्ष 2025-26 में कक्षा 1 में विवान यादव ग्राम छाती ने 100 में 100 अंक प्राप्त किए। इस उपलब्धि पर शाला परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।

### ऋण प्रकरण तैयार करने शिविर 8 को

धमतरी। खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड में संचालित योजनाओं के अंतर्गत कुटीर उद्योगों की स्थापना एवं ऋण प्रकरण तैयार करने के लिए नगरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत ठेनही में 8 मई को शिविर आयोजित किया जाएगा। प्रबंधक, ग्रामोद्योग, जिला पंचायत धमतरी ने बताया कि योजना के तहत विभिन्न व्यवसाय के लिए शिविर में ऋण लेने वाले इच्छुक 18 से 45 वर्ष तक की आयु के आवेदकों को आवेदन पत्र तैयार करने के लिए सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण-पत्र, मूल निवास प्रमाण-पत्र, ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, बैंक पासबुक की दो-दो फोटोकॉपी एवं 2 पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है।

### श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन सुनिश्चित किया जाए : नेताम

नगरी। जनजातीय गौरव समाज के जिलाध्यक्ष महेन्द्र नेताम ने श्रमिकों की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया है। श्री नेताम ने कहा कि देश में श्रमिक कानूनों एवं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लागू होने के बावजूद आज भी असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिक न्यूनतम वेतन, रोजगार की सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा के अधिकारों से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस केवल एक प्रतीकात्मक दिवस नहीं है, बल्कि यह श्रमिकों के अधिकारों, सम्मान और न्याय की लड़ाई का प्रतीक है। लेकिन वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए यह स्पष्ट होता है कि श्रमिकों के हित में अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। श्री नेताम ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन सुनिश्चित किया जाए, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को पहचान और संरक्षण प्रदान किया जाए।

# आकर्षण का केंद्र बना ग्राम कोर्रा का नर्मदेश्वर महादेव मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

अलग खबर

ग्राम पंचायत कोर्रा में स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर इन दिनों क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र बन गया है। तालाब के बीचों-बीच भगवान शंकर की विशाल एवं भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है, जो दूर-दूर से आने वाले लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही है।

जानकारी के अनुसार, मंदिर निर्माण एवं तालाब की सफाई और सौंदर्यकरण कार्य पूर्व सरपंच चोवाराम साहू के कार्यकाल में कराया गया था। इस पहल की पूरे क्षेत्र में सराहना की जा रही है। हालांकि लंबे समय तक तालाब में जलभराव नहीं हो पाया था, जिससे इसकी सुंदरता प्रभावित हो रही थी। इस समस्या को देखते हुए जल भराव किया गया है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर सिंचाई विभाग द्वारा जिले के कई निस्तारी तालाबों में पानी भरने की पहल की गई है जिसके लिए गंगरेल बांध से पानी छोड़ा गया, नहर नालियों के माध्यम से विभिन्न तालाबों में पानी पहुंचाया गया है। इसके तहत कोर्रा के इस तालाब में भी जलभराव सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे इसकी प्राकृतिक सुंदरता और बढ़ गई है।

## तालाब के बीचों-बीच स्थापित है भगवान शंकर की विशाल प्रतिमा



### मनमोहक छटा को निहारने पहुंच रहे बड़ी संख्या में लोग

मंदिर में प्रतिदिन सुबह और शाम विधिवत पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही यहां की मनमोहक छटा को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। युवा वर्ग विशेष रूप से यहां फोटो शूट और सेल्फी लेने के लिए आकर्षित हो रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से तालाब एवं मंदिर के चारों ओर रेलिंग भी लगाई गई है, जिससे श्रद्धालु सुरक्षित तरीके से दर्शन कर सकें। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थल आने वाले समय में धार्मिक दृष्टि से और अधिक महत्वपूर्ण बन सकता है।

भाजपाइयों ने आतिशबाजी कर मनाया विजय उत्सव

# तीन राज्यों की ऐतिहासिक जीत पर नगरी में जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

भारतीय जनता पार्टी मंडल नगरी द्वारा पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर विजय उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बजरंग चौक नगरी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर आतिशबाजी की, मिठाइयां बांटीं तथा एक-दूसरे को बधाई देकर खुशी जाहिर की।

कार्यक्रम में नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व को इस ऐतिहासिक विजय का प्रमुख आधार बताया। वक्ताओं ने कहा कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने तीन राज्यों पश्चिम बगल, असम और पांडिचेरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूर्ण बहुमत प्राप्त किया है, जो देशभर में भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता और जनता के विश्वास को दर्शाता है।



### मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा : छाबड़ा

भाजपा मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने कहा कि यह जीत केवल पार्टी की नहीं, बल्कि देश की जनता के विश्वास और विकास की राजनीति की जीत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है और जनता भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों पर विश्वास जता रही है।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता नागेंद्र शुक्ला, महामंत्री रूपेंद्र साहू, प्रदेश महिला मोर्चा मन की बात की सह प्रभारी प्रेमलता नागवंशी, मोहन नाहटा, रामगोपाल साहू, तुलसीराम साहू, आरपी साहू, राकेश चौबे, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास, पार्षद अश्वनी निषाद, राजा पवार, शंकर देव, दीनदयाल सेन रामविलास, शशिभूषण राम साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्राम पंचायत परेवाडीह में मुख्यमंत्री धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग मद से परेवाडीह में हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए भूमिपूजन किया गया। निर्माण कार्य में 5 लाख की लागत आयेगी। इस अवसर पर मगरलोड जनपद पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की भाजपा सरकार में गांव, गरीब, किसान का विकास हो रहा है। प्रदेश की हिन्दू सनातन धर्म, संस्कृति, परम्परा स्थापित करने के लिए पुराने मंदिर का जीर्णोद्धार एवं रखरखाव के अतिरिक्त भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली है। प्रदेश की जनता विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार से खुश है।

इस अवसर पर मेघा भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष होरी लाल साहू, डायमंड सिंह ध्रुव सरपंच, मदन यादव उपसरपंच, कृपाराम ध्रुव, किसन ध्रुव, जगत राम ध्रुव, यादराम ध्रुव, तेजिन ध्रुव, लता ध्रुव, कन्हैया ध्रुव, राधेश्याम ध्रुव, विक्रम ध्रुव उपस्थित थे।

### कातलबोड़ स्कूल के दो विद्यार्थी जिला स्तरीय टॉप में शामिल

बगदेही(धमतरी)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 12वीं बोर्ड परीक्षा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कातलबोड़ का परीक्षा परिणाम 89 प्रतिशत रहा। साक्षी साहू 90.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। सोनम पटेल 84 प्रतिशत के साथ द्वितीय और कुमकुम चंद्राकर 82.80 प्रतिशत लेकर तृतीय रही। कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 87.32 प्रतिशत रहा जिसमें नीलिमा यादव 96 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम एवं जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में तीसरा स्थान प्राप्त किया। धर्मेंद्र साहू 95.83 प्रतिशत के साथ विद्यालय में द्वितीय एवं जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में चतुर्थ स्थान हासिल किया। तनुश्री तारक ने 90.33 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट परिणाम पर प्राचार्य चंद्र कुमार मनहर, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष विकास साहू, सरपंच मिलन साहू, समिति सदस्यगण गोधन साहू, चंद्रहास साहू, घनाराम साहू, देवेंद्र पटेल ने खुशी जाहिर की है।

# केंद्रीय वेतन आयोग की अनुशंसा राज्य में भी लागू हो

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने मांग की है कि केंद्रीय कर्मचारियों की तरह राज्य कर्मचारियों को भी समान वेतन एवं पेंशन लाभ मिलना चाहिए। फेडरेशन का कहना है कि महंगाई (इन्फ्लेशन) केंद्र और राज्य दोनों कर्मचारियों के लिए समान है, इसलिए सुविधाओं में भी समानता होनी चाहिए। फेडरेशन के जिलाध्यक्ष दयालुराम साहू ने बताया कि आठवें वेतन आयोग का गठन नवंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस रंजना प्रसाद देसाई की अध्यक्षता में किया गया है, जिसकी अनुशंसाएं 1 जनवरी 2026 से लागू होने की संभावना है। फेडरेशन ने आयोग को ई-मेल के माध्यम से सुझाव भेजते हुए कहा है कि वेतन मैट्रिक्स में फिटमेंट फैक्टर को वर्तमान 2.57 से बढ़ाकर 3.68 या 3.83 किया जाए। ऐसा होने पर न्यूनतम मूल वेतन 18,000 से बढ़कर लगभग 69,000 प्रति माह हो सकता है। इसके अलावा फेडरेशन ने महंगाई भत्ता के 50 प्रतिशत हिस्से को मूल वेतन में विलय करने, वार्षिक वेतन वृद्धि को 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 6 प्रतिशत करने तथा अंतिम निर्णय तक अंतरिम राहत देने की मांग की है। फेडरेशन ने नई पेंशन योजना के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना लागू करने, न्यूनतम पेंशन में वृद्धि, गृहभाड़ा भत्ता बढ़ाने तथा डिजिटल कार्यों के लिए 2,000 मासिक इंटरनेट भत्ता देने का भी सुझाव दिया है। अन्य प्रमुख मांगों में सेवाकाल में कम से कम तीन पदोन्नति, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने तथा ग्रेच्युटी की सीमा 50 लाख तक बढ़ाने की मांग शामिल है। फेडरेशन ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों को राज्य कर्मचारियों पर भी लागू किया जाए।

## अंचल की खबरें

### पूर्वी ने 5वीं में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए



धमतरी। ग्राम कुर्रा निवासी बुध्ददेव साहू की पुत्री पूर्वी साहू ने कक्षा पांचवीं में 90 प्रतिशत प्राप्त कर गांव एवं परिवार का नाम रोशन किया। पूर्व मंडल अध्यक्ष मुरारी यदु, अमन राव मंडल अध्यक्ष, परमेश्वर साहू, प्रभुराम साहू, भागवत साहू, कमला साहू, धनेश्वरी साहू, हिरेन्द्र साहू, ईशा साहू ने हर्ष जताया है।

### सशिमं करगा का वार्षिक परीक्षाफल घोषित



जीजामगांव। सरस्वती शिशु मंदिर करगा में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। समाजसेवी नारायण साहू ने संस्कार, चरित्र निर्माण पर जोर देते हुए शिक्षाप्रद कहानी के माध्यम से जीवन के मूल्यों को समझाया एवं साथ ही प्रथम, द्वितीय आने वाले बच्चों को सरस्वती माता और कर्मा माता की प्रतिमा भेंट की। चुनेश्वर साहू कोषाध्यक्ष ने कहा कि शिशु मंदिर में मिलने वाली शिक्षा विद्याथियों में राष्ट्रभक्ति और नैतिकता की भावना भरती है। रुपचंद साहू संयोजक ने कक्षा अरुण से चतुर्थ के सभी बच्चों को प्रगति पत्र का वितरण किया। कक्षा अरुण में रूबी 99 प्रतिशत प्रथम, दीक्षा 98 प्रतिशत द्वितीय, कक्षा उदय में नमन 96. 5 प्रतिशत, तानिया 96.5 प्रतिशत प्रथम, रौनक 94.5 प्रतिशत द्वितीय, कक्षा प्रथम में डाली 98.6 प्रतिशत प्रथम, गीतांजलि 97.7 प्रतिशत द्वितीय, कक्षा द्वितीय में भूमि 97.8 प्रतिशत प्रथम, ईशान 96.6 प्रतिशत, नमन 96. 6 प्रतिशत द्वितीय, कक्षा तृतीय में दुर्गेश 95.6 प्रतिशत प्रथम, निवेद 92.2 प्रतिशत द्वितीय, कक्षा चतुर्थ में छाया 96.4 प्रतिशत प्रथम, भूमि 94 प्रतिशत द्वितीय, कक्षा पंचम में सिद्धि 97 प्रतिशत प्रथम, यश 92.5 प्रतिशत द्वितीय रहे। भूपेंद्र साहू, डां. डेमन साहू, हेमंत साहू, छबि साहू, प्रधानाचार्य मोहेश्वरी साहू एवं स्टाफ ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### लगातार तीसरे वर्ष वाणिज्य संकाय का दबदबा



जीजामगांव। छग माशिमं द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें शाउमावि दरबा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 12वीं में 77 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की जिसमें 51 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में 44 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में एवं 2 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। कक्षा 12वीं में वाणिज्य संकाय की छात्रा प्रतिभा कुर्रे पिता भुवनेश्वर ग्राम बिरेझर ने 88.40 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम एवं रेणुका निर्मलकर पिता भोलाराम ग्राम दरबा ने 87.80 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा कला संकाय की छात्रा रेणुका बारले पिता केशवदास ग्राम कोंडपार ने 87.2 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल परीक्षा में 79.20 प्रतिशत विद्यार्थी ने सफलता हासिल की जिसमें 31 विद्यार्थियो ने प्रथम श्रेणी, 32 ने द्वितीय श्रेणी तथा 4 विद्यार्थियों ने तृतीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। कक्षा दसवीं में श्रद्धा सार्वा पिता तुम्मनलाल ग्राम मुरा ने 91.3 प्रतिशत के साथ प्रथम, विवेक पिता भोजराज ग्राम मुरा ने 90.7 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं एकता पिता बालगोविंद साहू ग्राम दरबा ने 89.80 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य सीमा कटारे ने सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। यह जानकारी बोर्ड प्रभारी विनोद साहू ने दी है।

### सेनि प्रधानपाठक को दी गई विदाई



■ शासकीय माध्यमिक शाला करेलीबड़ी में परीक्षा परिणाम घोषित

मगरलोड। शासकीय माध्यमिक शाला करेली बड़ी में कक्षा 6वीं, 7वीं और 8वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के साथ ही शाला परिवार की ओर से सेवानिवृत्त प्रधान पाठक दानीराम साहू के लिए एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस वर्ष भी शाला के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। कक्षा 6वीं प्रथम लोमेश पिता रामचंद्र ,द्वितीय मेधावी पिता केंवल, कक्षा 7वीं में प्रथम कुशाल पिता प्रदीप,द्वितीय योगिता पिता जगेश, कक्षा 8वीं में प्रथम भूमिका पिता प्रेमलाल साहू 93.33प्रतिशत, द्वितीय योगिता पिता विष्णु साहू 90.17 प्रतिशत,तृतीय प्रियंका पिता लोकेश साहू 89.67 प्रतिशत रही। परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत शाला परिवार द्वारा सेवानिवृत्त प्रधानपाठक दानीराम साहू को विदाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संकुल प्राचार्य कोमल सिंह साहू ने दानीराम साहू के कार्यकाल की सराहना करते हुए बताया कि उन्होंने 3 मार्च 1989 से 30 सितंबर 2025 तक कुल 37 वर्ष, 1 माह और 28 दिन तक निष्ठापूर्वक शैक्षणिक सेवा दी। शासन के आदेशानुसार वे 1 अक्टूबर 2025 से 30 अप्रैल 2026 तक प्रतिनियुक्ति शिक्षक के रूप में कार्यरत रहे। प्रभारी प्रधानपाठक खेमलाल साहू ने भी उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए शाला के विकास में उनके योगदान को याद किया। मौके पर हेमलता सिन्हा, घेवरचंद साहू, संकुल समन्वयक कोमल सिंह साहू, मोंगरा निषाद, कमलेश्वरी, सोनकर, संदीप बंजारे उपस्थित थे।

# निपानी की नाचा गम्मत प्रतियोगिता में प्रदेशभर के कलाकारों ने मचाई धूम

■ छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति हमारी पहचान है : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्राम निपानी में आयोजित छत्तीसगढ़ प्रदेशस्तरीय छत्तीसगढ़ी नाचा गम्मत प्रतियोगिता में विधायक ओंकार साहू बतौर अतिथि रूप में शामिल हुए।

अपने संबोधन में विधायक श्री साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति हमारी पहचान और गौरव है। नाचा-गम्मत जैसे पारंपरिक आयोजन हमारी संस्कृति को जीवंत बनाए रखने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे कार्यक्रमों से नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर मिलता है, जिससे सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण संभव होता है।

बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि लोककला हमारी अमूल्य धरोहर है और इसे संरक्षित करना हम सभी का कर्तव्य है। गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि नाचा-गम्मत छत्तीसगढ़ की आत्मा है और ऐसे आयोजनों से समाज में सांस्कृतिक चेतना सशक्त होती है। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# हरिदासराम महाराज का मना जन्मोत्सव





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

श्री प्रेमप्रकाश मण्डल के चतुर्थ पीठाधीश्वर सद्गुरु स्वामी हरिदासराम महाराज का 97वां जन्मोत्सव स्वामी टेऊंराम नगर के श्री प्रेमप्रकाश आश्रम में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गुरुभक्त शामिल हुए।

महोत्सव की शुरुआत 27 अप्रैल से श्रीमद्भगवद् गीता एवं श्री प्रेमप्रकाश ग्रंथ साहब के पाठ के साथ हुई। इस दौरान प्रतिदिन भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए आश्रम परिसर के बाहर राहगीरों के लिए शर्बत वितरण भी किया गया। जन्मोत्सव के दिन सुबह आयोजित धार्मिक पाठों का विधिवत समापन किया गया। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलन कर केक एवं महाप्रसाद का भोग लगाया गया। श्रद्धालुओं ने बधाई गीत गाकर और भजन गाते हुए कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। ज्ञात हो कि इस आश्रम की भूमि वर्ष 1998 में गुरुवर की प्रेरणा से खरीदी गई थी और इसका निर्माण पंचम पीठाधीश्वर स्वामी भगत प्रकाश महाराज के मार्गदर्शन में हुआ।

## जिला पंचायत सभाकक्ष में एनआरएलएम अंतर्गत कार्यों की हुई समीक्षा

# डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जानकारी समयबद्ध और सटीक हो : सीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा जिला पंचायत के सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह ठाकुर की उपस्थिति में हुई। इस दौरान जिले के समस्त विकासखंडों से जुड़े बीपीएम, एडीईओ, एसी, लेखापाल, पीआरपी तथा बिहान के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने सामाजिक समावेशन के अंतर्गत कार्यों की समीक्षा में लोकोश ऐप में स्वयं सहायता समूह एवं ग्राम संगठन की प्रोफाइल एंट्री की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्रोफाइल एंट्री का कार्य अभी भी अधूरा है जिसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही क्लस्टर लेवल फेडरेशन कट ऑफ एंट्री एवं मार्च 2026 तक के नियमित लेनदेन की स्थिति की समीक्षा की भी गई। डेटा एंट्री में किसी भी प्रकार की त्रुटि भविष्य की योजनाओं को प्रभावित कर सकती है इसलिए सटीकता और समयबद्धता आवश्यक है। मॉडल सी.एल.एफ. की मासिक प्रगति रिपोर्ट



एम.पी.आर. एंट्री की स्थिति पर भी चर्चा की गई। इसे 30 मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर समय पर जानकारी अपडेट करना शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

इसके पश्चात आजीविका गतिविधि से संबंधित विषयों पर समीक्षा की गई। लखपति महिला पहल के अंतर्गत दर एंट्री की स्थिति का मूल्यांकन किया गया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया कि कई लाभार्थियों की एंट्री अभी लंबित है जिससे योजना की वास्तविक प्रगति का आंकलन प्रभावित हो रहा है। लखपति दीदी योजना अंतर्गत त्रुटिपूर्ण एंट्री सुधार का मुद्दा भी प्रमुखता को विशेष ध्यान दिया गया कि कई ऐसे मामले हैं जिसमें डेटा में विसंगतियां पायी गई हैं जिन्हें शीघ्र ठीक करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिए। पीएलडी अंतर्गत लखपति दीदी की श्रेणी में शामिल होने वाले हितग्राहियों की संख्या की समीक्षा करते हुए कहा कि इस दिशा में और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है ताकि अधिक से अधिक महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। आईएफसी के कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है। इस पर सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया कि संबंधित कार्य में तेजी लाएं। इसके अतिरिक्त मार्च 2026 तक की एमपीआर एंट्री की स्थिति पर भी चर्चा की गई जिसमें समयबद्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

## खबर संक्षेप

### बंगाल की जीत पर कोरर भाजपा ने जश्न मनाया



**कोरर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कोरर द्वारा शीर्ष नेतृत्व के आव्हान पर मंडल स्तरीय कार्यकारिणी मासिक बैठक में संगठन को मजबूती बनाने एवं जनता तक अंत्योदय योजना की लाभ कैसे पहुंचे ऐसे अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक भाजपा नेता सतीश लाटिया व अशोक वलेचा के मुख्य आतिथ्य एंव भाजपा मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप की अध्यक्षता में हुई। बैठम में मंडल के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहें।

### लाखों खर्च के बाद भी नहीं मिल रहा पानी



**दुर्गुकोंदल।** विकासखँड दुर्गूकोंदल के ग्राम सटेली के स्कूलपारा में जल जीवन मिशन योजना के तहत लाखों रुपये खर्च कर बनाई गई पानी टंकी और पाइपलाइन व्यवस्था ग्रामीणों की प्यास नहीं बुझा पा रही है। टंकी निर्माण और पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा होने के बावजूद गांव के कई घर आज भी पानी के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीण नाथूराम नरेटी, लखन नरेटी, बुधराम नरेटी, शिवलाल नरेटी और मंशा गावड़े सहित ग्रामीणों ने बताया कि उनके घरों में बिल्कुल भी पानी नहीं आ रहा है, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पीएचई विभाग से मांग की है कि टूटे हुए पाइपलाइन की जल्द मरम्मत कर जल सप्लाई को सुचारु रूप से चालू किया जाए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### राइफल का चेंबर फटा, जवान घायल

निवासी नगर सैनिक चौबेलाल टंडन उम्र 45 वर्ष भी शामिल था। जवानों को 10-10 के ग्रुप में खड़ा किया गया था, जिसमें चौबेलाल तीसरे नंबर पर खड़ा था। फायरिंग के दौरान अचानक बाजू में खड़े एक जवान के पाइंट 303 राइफल का चेंबर फट गया। मेटल का टुकड़ा छिटककर चौबेलाल के सिर के नीचे लगा। इससे जवान लहुलूहान होकर जमीन पर गिर गया। साथी जवानों व अधिकारियों ने तुरंत घायल जवान को संभालते हुए शासकीय वाहन की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद जवान को उपचार के लिए अपर सेंटर रिफर किया गया। घायल को जिला अस्पताल से शासकीय एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने पर दो घंटे बाद वरदान संस्था की एंबुलेंस की मदद से रायपुर पहुंचाया गया। घायल जवान को रामकृष्ण अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्रारंभिक तौर पर राइफल में तकनीकी खराबी को हादसे का कारण माना जा रहा है। अधिकारियों द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है।

**आम सूचना**

(संपत्ति का खसरा नं. 545/10, 545/11, 545/12 (पुराना 545/6 का भाग), कुल रकबा 0.12 हेक्टर ग्राम छिपलीपारा प.ह.नं. 31, रा.नि.मं सिहावा, तहसील नगरी, जिला धमतरी छ.ग. के संबंध में)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्रीमती बिन्दु बाई बघेल पति श्री राम राव बघेल व अन्य ने अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति को बैंक में बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है। उपरोक्त संपत्ति का पूर्व विक्रय विलेख जो कि खसरा नं. 545/2 का भाग (नया 545/6), रकबा 0.20 हेक्टर को श्रीमती खुशबू जैन पति श्री वर्धमान जैन ने विक्रेता श्री मिथलेश पिता श्री माखन लाल से दिनांक 30/03/2022 का ग्रंथ नं. 803, पेज नं. 310 से 331, दस्तावेज क्र. 642 को क्रय कर उप-पंजीयक कार्यालय नगरी, जिला धमतरी में पंजीकृत किया गया था। जिसकी मूल प्रति कहीं गुम हो गई है, उक्त गुमा पूर्व विक्रय विलेख के संबंध में सिहावा थाना जिला धमतरी में दिनांक 30/04/2026 को सूचना दी जा चुकी है।

अतः उपरोक्त वर्णित संव्यवहार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, फर्म, संस्था, बैंक, महाजन, शासकीय एवं अर्धशासकीय निकाय इत्यादि को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि के 07 (सात) दिनों के भीतर मय दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय में प्रत्यक्ष रुप से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति दर्ज करावे। समयावधि बीतने के पश्चात की गई आपत्ति अवैध एवं शून्य समझी जावेगी। तथा मेरे पक्षकार पर लागू एवं बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचना जानें।

दिनांक-01/05/2026
स्थान-रायपुर

भवदीय
आशुतोष मिश्रा (अधिवक्ता)
आफिस-एफ-3, मॉर्डन कॉम्पलेक्स,
लालगंगा सिटी मार्ट के बाजू, रायपुर छ.ग.
मो. 94255-48998
आफिस फोन नं. 0771-2222042

# मंडी में धान की बढ़ी आवक, बेहतर दाम मिलने से किसानों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कृषि उपज मंडी श्यामतराई में इन दिनों धान की आवक लगातार बढ़ रही है, जिससे पूरे मंडी परिसर में रौनक नजर आ रही है। अनुकूल बाजार और बेहतर कीमतों के चलते किसान बड़ी संख्या में अपनी उपज लेकर मंडी पहुंच रहे हैं। धान के दाम में मजबूती आने से किसानों में खासा उत्साह देखा जा रहा है और वे संतोष व्यक्त कर रहे हैं

मंडी में धान के भाव संतोषजनक रहे। आईआर-64 किस्म का धान लगभग 1811 रुपये प्रति क्विंटल तक बिका, जबकि गोल्डन सांभा धान को 2300 रुपये प्रति क्विंटल तक का भाव मिला। 1010 धान की कीमत 1880 रुपये प्रति क्विंटल रही, वहीं सरोना 1935 रुपये और ओम श्री किस्म को 2574 रुपये प्रति क्विंटल का भाव मिला। अन्य किस्मों को भी उनकी गुणवत्ता के अनुसार अच्छा मूल्य प्राप्त हुआ, जिससे किसानों को राहत मिली है।

## आईआर-64 को 1811, गोल्डन सांभा को मिला 2300 का भाव

### रोजाना बढ़ रही आवक

मंडी से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिदिन सैकड़ों क्विंटल धान की आवक हो रही है। किसानों की बढ़ती आवाजाही से मंडी में गतिविधियां तेज हो गई हैं। व्यापारियों के बीच प्रतिस्पर्धी खरीदी और पारदर्शी नीलामी व्यवस्था के कारण दाम में मजबूती बनी हुई है, जिससे किसानों को लाभ मिल रहा है।



### मजदूरों को भी मिल रहा रोजगार

धान की आवक बढ़ने से मंडी में कार्यरत हमाल और रेजा मजदूरों को भी नियमित काम मिल रहा है। मजदूरों का कहना है कि काम बढ़ने से उनकी आय में सुधार हुआ है और रोजी-रोटी की चिंता कम हुई है। लगातार मिल रहे काम से मजदूर वर्ग में भी संतोष देखा जा रहा है।

किसानों का मानना है कि इस बार उन्हें उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल रहा है, जिससे वे संतुष्ट हैं। बेहतर दाम मिलने से आगामी फसल की तैयारी को लेकर भी उनमें उत्साह है। आने वाले दिनों में धान की आवक और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है, जिससे बाजार में और तेजी आने की उम्मीद है

धान की बढ़ती आवक और मजबूत कीमत ने किसानों, मजदूरों और व्यापारियों सभी के चेहरों पर खुशी ला दी है। मंडी में वर्तमान स्थिति कृषि अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत दे रही है और आने वाले समय में भी इसी रफ्तार के बने रहने की उम्मीद जताई जा रही है।

## सुशासन तिहार-2026 : भोयना तथा कुकरेल में लगा समाधान शिविर

# समाधान शिविर में ग्रामीणों को मिला त्वरित लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सुशासन तिहार-2026 अंतर्गत जिले में समाधान शिविरों का शुभारंभ जनपद पंचायत धमतरी के ग्राम भोयना तथा जनपद पंचायत नगरी के ग्राम कुकरेल से किया गया। प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित इन शिविरों में भोयना क्लस्टर के 21 ग्राम एवं कुकरेल क्लस्टर के 17 ग्रामों के ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्रामीणों ने समस्या, शिकायत संबंधी आवेदन दिए जिनका निराकरण मौके पर, या परीक्षण उपरांत करने का आश्वासन संबंधित अधिकारियों ने दिया। विभागीय स्टॉल और लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गयी ।

जनपद पंचायत नगरी के कुकरेल में आयोजित शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा सहित जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया। इस दौरान किसानों को सॉयल हेल्थ कार्ड, पात्र परिवारों को राशन कार्ड सहित अन्य हितग्राहीमूलक सामग्रियों का वितरण किया गया।

जनपद पंचायत धमतरी के भोयना क्लस्टर में आयोजित शिविर में जनपद अध्यक्ष श्रीमती अंगिरा ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोनिका देवांगन की उपस्थिति रही। दोनों ही शिविरों में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र ठाकुर, एसडीएम, जनपद सीईओ तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए।



### कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न हो : मिश्रा

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करना है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की मंशा है कि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। कलेक्टर ने कुकरेल क्षेत्र के विकास की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आने वाले समय में यह क्षेत्र एक महत्वपूर्ण कॉमर्शियल हब के रूप में विकसित होगा। भारतमाला एक्सप्रेस-वे परियोजना के प्रारंभ होने से क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। बगौद से कुकरेल तक फोरलेन सड़क निर्माण की दिशा में कार्य प्रस्तावित है तथा स्थानीय मांग के अनुरूप सहकारी बैंक की स्थापना भी शीघ्र की जाएगी। इसके अतिरिक्त आदिवासी छात्रावास भवन, कॉलेज एवं आईटीआई के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, साथ ही क्षेत्र में एक प्रारंभिक लाइब्रेरी की भी शुरुआत की गई है।

### शासन की योजनाएं सीधे ग्रामीणों तक पहुंच रहीं : सार्वा

अध्यक्ष जिला पंचायत अरुण सार्वा ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाएं सीधे ग्रामीणों तक पहुंच रही हैं, जिससे पारदर्शिता और विश्वास में वृद्धि हुई है। इस तरह के शिविर ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा ने कहा कि शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंगिरा ध्रुव ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही सुशासन का मूल उद्देश्य है। जिला पंचायत सदस्य मोनिका देवांगन ने कहा कि शिविरों में महिलाओं, किसानों और युवाओं की सक्रिय भागीदारी उत्साहजनक है। इससे ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलेगी।

## महाश्वेता शिशु मंदिर का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**अंवरी।** महाश्वेता शिशु मन्दिर सुपेला का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 8 वीं की छात्रा कुमारी तनुजा पिता सोनजीत साहू ने 95.83 प्रतिशत अंक के साथ सेमरा संकुल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। डिंपल देवांगन पिता नेतराम देवांगन 94.50 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय रही। कक्षा 5 वीं में काव्या पिता चुन्नी लाल ने 97 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम व दीप्ति पिता मनोज कुमार ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय रही।

कक्षा 7 में तृप्ति ने 99.33 प्रतिशत के साथ प्रथम रही। 6 वीं में मुदित कुमार ने 99.22 प्रतिशत व रिया दुबे ने 97.88 प्रतिशत लेकर द्वितीय रही। कक्षा चौथी में 96.50 प्रतिशत के साथ प्रथम देवराज व 94 प्रतिशत के साथ तनुजा एवं कल्पना निषाद द्वितीय रही। तीसरी में सुमित कुमार 98 प्रतिशत प्रथम व 97 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर राकेश कुमार रहे। दूसरी में 99 प्रतिशत के साथ प्रथम चंचल व 97.50 प्रतिशत के साथ द्वितीय गुंजन, कक्षा पहली में नीलिमा 99.50 प्रतिशत के साथ प्रथम व 98.50 प्रतिशत के साथ द्वितीय नेहा सोनकर, कक्षा केजी 2 में 98.50 प्रतिशत के साथ प्रथम लाक्षी व 98 प्रतिशत के साथ द्वितीय डिकेंद्र कुमार ध्रुव, केजी 1 में 98.50 प्रतिशत के साथ प्रथम मुस्कान देवांगन व 98 प्रतिशत अंक के साथ लिकेश, मोक्षिका सिन्हा,प्राची यदु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

संकुल समन्वयक पंचराम ध्रुव, प्रधान पाठक हितेंद्र कुमार साहू, शिक्षक राजेश कुमार दुबे, ज्ञानेन्द्र कुमार, तेजनाथ निर्मलकर, शिक्षिका चेतना मानिकपुरी, डिलेश्वरी विश्वकर्मा, तृप्ति सिन्हा, वेणुप्रभा साहू, किरण साहू, नीलम निर्मलकर एवं पालकगण दिग्विजय सिंह, सोनजीत साहू, खिलावन सेन, यशवंत धनकर, खूबलाल साहू, हेमंत सिन्हा,बालमुकुंद ध्रुव ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ओबीसी संयोजन समिति ने मनाई बुद्ध पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

मेघा में ओबीसी संयोजन समिति ने बुद्ध की 2588वीं जयंती धूमधाम से मनाई । बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बताया गया कि भगवान बुद्ध का जन्म वैशाख पूर्णिमा पर लुंबिनी (नेपाल) में हुआ था। सामाजिक जागरूकता और सत्य की खोज में उन्होंने राजमहल त्याग दिया और वर्षों तक जंगलों में तपस्या की। वैशाख पूर्णिमा को ही उन्हें बोधि वृक्ष (वटवृक्ष) के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई। संयोग से उसी दिन उनका महापरिनिर्वाण भी हुआ था। इस अवसर को विशेष बनाने के लिए ओबीसी संयोजन समिति ब्लॉक मगरलोड ने मेघा में ओबीसी जनजागरण महा अभियान के तहत एक बैठक आयोजित की।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी एवं प्रवक्ता समारू सिन्हा ने कहा कि ओबीसी वर्ग मूल रूप से तर्कशील, अध्यात्मिक और सही गलत का आकलन करने वाला समाज है। अपनी प्राचीन विरासत की पहचान न होने के कारण आज यह समाज सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक शोषण का शिकार हो रहा है।

आगे बताया कि ब्लॉक में स्थित निरई माता, कुकुर देवी, मधुबन धाम, सहदेव सहदाई और महानदी का तट आज से लगभग 4000 वर्ष पहले तथागत बुद्ध की विरासत की कहानी बयां करते हैं। समारू सिन्हा ने कहा कि कुछ असमानतावादी तत्व ओबीसी के हक-अधिकारों को कुचलने का काम कर रहे हैं। उन्होंने मंडल आयोग की सिफारिशों का विरोध किया था। वर्तमान में यूजीसी इक्वलिटी रेगुलेशन का भी विरोध कर रहे हैं। इसके बावजूद ओबीसी समाज सतत संघर्ष की राह पर आगे बढ़ रहा है और निरंतर जन जागरण के माध्यम से अपनी एकता को मजबूत कर रहा है। कार्यक्रम में चंद्रहास साहू, ऋषि राम, गोविंद राम, रामनारायण, कृष्ण कुमार तोरण निषाद सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार व्यक्त वेदराम साहू पंच ने किया।

## ओंकार ने केरल में कांग्रेस की जीत पर जताई खुशी



**धमतरी।** केरल विधानसभा चुनाव 2026 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) की ऐतिहासिक जीत पर विधायक ओंकार साहू ने खुशी व्यक्त करते हुए इसे जनता के विश्वास की जीत बताया है। विधायक श्री साहू ने कहा कि केरल की जनता ने जनविरोधी नीतियों को नकारते हुए कांग्रेस पार्टी की जनहितकारी सोच और विकास के विज़न पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि यह जीत सिर्फ एक राज्य की नहीं, बल्कि पूरे देश में कांग्रेस के प्रति बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। आगे कहा कि केरल में कांग्रेस की इस शानदार वापसी ने यह साबित कर दिया है कि जब सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरती, तो जनता परिवर्तन का रास्ता चुनती है। कांग्रेस ने हमेशा आम जनता, गरीब, किसान, मजदूर और युवाओं के हित में काम किया है, जिसका परिणाम आज स्पष्ट रूप से सामने है।

# ज्ञान अमृत विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




ज्ञान अमृत विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम प्राचार्य विनोद पांडेय द्वारा घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। हिन्दी माध्यम से कक्षा के.जी.टू में प्रथम नोहेन्द्र सोनकर 98.5 प्रतिशत , द्वितीय गजेंद्र यादव 81.3 प्रतिशत, पहली में प्रथम अनुष्का ध्रुव 94 प्रतिशत, द्वितीय हिमांशी चक्रधारी 88.6 प्रतिशत, दूसरी में प्रथम दिशा सोनकर 90 प्रतिशत, द्वितीय डीयुषा लोधी 84 प्रतिशत, तीसरी में प्रथम डिकेश हिरवानी 90 प्रतिशत, द्वितीय गौरांग कौशिक 81.6 प्रतिशत, चौथी में प्रथम ख्यातिरानी कौशिक 95.5 प्रतिशत, द्वितीय भूमिका भारत 83.5 प्रतिशत, छठवीं में प्रथम हर्षिता निर्मलकर 90.8 प्रतिशत, द्वितीय ललेश साहू 90 प्रतिशत, सातवीं में प्रथम मीनाक्षी पेंदरिया 87.16प्रतिशत एवं नव्या पटेल 81 प्रतिशत द्वितीय रहे।

अंग्रेजी माध्यम से कक्षा नर्सरी में प्रथम नम्रता ध्रुव 100 प्रतिशत, द्वितीय नमन रिगरी 98 प्रतिशत, के.जी.वन में प्रथम आस्था सोनकर 97.5 प्रतिशत, द्वितीय हर्षिता सोनकर 94.5प्रतिशत, के.जी.टू में प्रथम कुणाल सोनी 99.5 प्रतिशत, द्वितीय बुआन गुप्ता 99 प्रतिशत, पहली में प्रथम अयांश साहू 91.33 प्रतिशत, द्वितीय कशिश पटेल 89.33 प्रतिशत, दूसरी में प्रथम आरवी खरे 93.3 प्रतिशत, द्वितीय लीना यादव 88 प्रतिशत, तीसरी में प्रथम भूमिजा पदमवार 97 प्रतिशत, द्वितीय हिमांशु साहू 84.6 प्रतिशत, चौथी में प्रथम लावन्या सोरी 92 प्रतिशत, द्वितीय माधवी कुंभकार 91 प्रतिशत, छठवीं में प्रथम तारिणी बावने 83.8 प्रतिशत, द्वितीय ट्विंकल देवांगन 80 प्रतिशत, सातवीं में प्रथम एकांत निर्मलकर 91.5 प्रतिशत, द्वितीय नव्या सोनकर 88.5 प्रतिशत, नवमी में प्रथम अजय कुमार 92.5 प्रतिशत एवं दिग्दर्शी यादव 91.3 प्रतिश द्वितीय रहे। इस अवसर पर प्राचार्य विनोद कुमार पाण्डेय ने कहा कि जिंदगी बहुत लंबी है। यहां हर 6 महीने में रिजल्ट आता है जो गिरकर उठना सीख जाता है वही असली टॉपर है।

### हाईस्कूल चटौद का परीक्षा परिणाम 89 प्रतिशत

**जीजामगांव।** शासकीय हाईस्कूल चटौद का परीक्षा परिणाम 89 प्रतिशत रहा। मेहुलकांत साहू पिता इंदलराम साहू ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम गरिमा साहू 86.6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय व कनकलता 85.3 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9वीं में प्रथम देवेंद्र साहू 90 प्रतिशत, द्वितीय भारती ध्रुव 84 प्रतिशत एवं तृतीय वेदिका 80 प्रतिशत रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## अंचल की खबरें

### भटगांव के गौठान चौक में खुला प्याऊ घर



**धमतरी।** तेज गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए ग्राम भटगांव के गौठान चौक स्थित शासकीय अस्पताल के पास आमजनों की सुविधा के लिए पानी घर का शुभारंभ गांव के बैगा ने किया। गर्मी के इस मौसम में राहगीरों, मरीजों एवं उनके परिजनों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह सराहनीय कार्य किया गया है। स्थानीय लोगों ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए इसे जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इस कार्य में धरमा साहू, लोमेश देवांगन, कल्याण साहू, जितेन्द्र गजेन्द्र का विशेष योगदान रहा।

### कलारतराई स्कूल का परीक्षा परिणाम सराहनीय



**धमतरी।** प्राथमिक शाला कलारतराई का प्राथमिक प्रमाण पत्र परीक्षा का परिणाम सराहनीय रहा। कक्षा पांचवी की छात्रा कुमारी हर्षिका साहू पिता कोमल साहू ने 94 प्रतिशत अंक अर्जित कर संकुल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया। शाला स्तर पर जितेंद्र पिता गजेंद्र साहू ने 78.50 प्रतिशत, चेतन पिता भुवन सिन्हा ने 72 प्रतिशत, भुवन पिता खुमान सिन्हा ने 71 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ रहे। इस सफलता पर माध्यमिक शाला प्रबंधन समिति कलारतराई के सभी सदस्य, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### नवकार महिला मंडल ने श्रमिक दिवस मनाया





**धमतरी।** नवकार महिला मंडल द्वारा मजदूर दिवस मनाया गया। नवकार महिला मंडल अध्यक्ष संतोष मिनी ने बताया कि अपनी रोजी-रोटी चलाने के लिए मजदूर दिनभर गर्मी में पसीना बहाते हैं। हमारा फर्ज है कि हम भी उनकी सुविधा का ध्यान रखें। इस दौरान मजदूरों एवं पुलिस जवानों को पानी की बोतल, गमछा दिया गया। तपती गर्मी में राहगीरों को छाछ का वितरण किया गया। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा एवं पुलिस आरक्षक आरके साहू समेत मंडल की कुसुम गोलछा, सुमन , दीपा छाजेड़, सरला भुरा, अंजलि, अनु ,सरिता, इंदु, मधु जैन, कंचन चोपड़ा, शशि पिंचा, हर्षिता, भीष्मा शाह उपस्थित थी।

### कुम्हार समाज ने विधायक को मिट्टी का घड़ा किया भेंट



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज जिला धमतरी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने रुद्री स्थित विधायक निवास पर विधायक ओंकार साहू से मुलाकात कर कुम्हार समाज की पैतृक कला मिट्टी का घड़ा भेंटकर समाज के पैतृक व्यवसाय को आगे बढ़ाने हेतु उपयोगी मिट्टी व विक्रय हेतु स्थाई बाजार जैसी मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया जिस पर विधायक ने कलेक्टर से इस विषय पर चर्चा कर समस्या के निदान करने का आश्वासन दिया। साथ ही अमर शहीद मिंधू कुम्हार सामुदायिक भवन धमतरी में किचन शेड निर्माण हेतु मांग पत्र सौंपा। इस दौरान जिला अध्यक्ष गगन कुंभकार, प्रांतीय सदस्य द्विजराम कुंभकार, संरक्षक विशु चक्रधारी, सलाहकार लुमेश कुंभकार, पूर्व केंद्र सचिव उमेश प्रसाद पाडे, जिला प्रतिनिधि विजय कुंभकार उपस्थित थे।

### मगरलोड में परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत



**मगरलोड।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। कक्षा दसवीं में कुल 59 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें से 55 छात्र उत्तीर्ण हुए। दसवीं का परीक्षा परिणाम 93 प्रतिशत रहा। इसमें से 31 छात्रों ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए, 23 छात्र द्वितीय श्रेणी एवं एक छात्र तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। कक्षा बारहवीं में कुल 44 छात्र दर्ज थे। उसमें से सभी 44 छात्र उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। इसमें से 28 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। 12 छात्र द्वितीय श्रेणी और 4 छात्र तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। कक्षा दसवीं में केशकुमार साहू पिता जानूराम ने 91.66 प्रतिशत व 12वीं में कुमारी प्रिया ध्रुव ने 85.20 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रों की उपलब्धि पर प्राचार्य पनेश कुमार सेन, शेख रईसुद्दीन कुरैशी, उमेश मरकाम, जियाउद्दीन मुगल, भारती मरकाम, दामिनी ध्रुव, विनीता धुर्वे, रूपेश्वरी साहू, एकता घेवरिया, विशाखा साहू समेत स्कूल स्टाफ ने हर्ष जताया है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना : प्रभावित परिवारों के लिए जल्द बनेंगे पक्के घर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महिमा सागर वार्ड में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत प्रस्तावित एएचपी आवास परियोजना को अब नई गति मिलने की उम्मीद है। वर्षों से लंबित इस योजना के लिए शासन द्वारा 6.75 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है, जिससे निर्माण कार्य को जल्द शुरू कराने की प्रक्रिया तेज की जा रही है।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार पहले जारी टेंडर में ठेकेदारों की भागीदारी नहीं मिलने से काम प्रभावित हुआ था, लेकिन अब आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर जल्द ही पुनः निविदा जारी की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि इस बार निर्माण कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा कराने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य के साथ-साथ बिजली, पानी, सड़क और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं को भी प्राथमिकता दी जाएगी। योजना पूरी होने के बाद क्षेत्र में आवश्यक सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे रहवासियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

नगर निगम और शासन के संयुक्त प्रयास से अब यह उम्मीद जागी है कि महिमासागर आवास परियोजना जल्द पूरी होगी। इससे सैकड़ों जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित और सम्मानजनक आवास मिल सकेगा तथा क्षेत्र के विकास को भी नई दिशा मिलेगी।

## महिमासागर आवास परियोजना को मिलेगी रफ्तार

### पुरानी परियोजना को नया जीवन

वर्ष 2016-17 में शुरू हुई इस परियोजना में कुल 351 आवासों का निर्माण प्रस्तावित है। अब तक आंशिक कार्य पूरा हो चुका है, जिसे आगे बढ़ाते हुए शेष कार्य जल्द पूरा करने की योजना बनाई जा रही है। प्रशासन का कहना है कि अधूरे ढांचे को सुधारते हुए उन्हें उपयोग योग्य बनाया जाएगा।



### प्रभावित परिवारों को मिलेगी राहत

परियोजना के पूर्ण होने के बाद रेलवे प्रभावित और विस्थापित परिवारों को पक्के और सुरक्षित आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। वर्तमान में कई परिवार अस्थायी रूप से रह रहे हैं, जिन्हें जल्द ही बेहतर सुविधाओं से युक्त घर मिलेंगे। इससे उनके जीवन स्तर में सुधार आएगा और स्थायी आवास की समस्या दूर होगी।

## खबर संक्षेप



### "मोला लव होगे" 8 मई को होगी रिलीज

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ी फिल्म मोला लव होगे के प्रमोशन के तहत धमतरी में प्रेसवार्ता आयोजित की गई, जिसमें निर्माता-निर्देशक अनुमोद राजवैद्य, वितरक सतीश जैन, नायक आयुष राजवैद्य, नायिका तिरांजलि गोस्वामी और संजय महानंद उपस्थित थे। फिल्म 8 मई को प्रदेशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्देशक अनुमोद राजवैद्य ने बताया कि फिल्म में छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा और आधुनिक जीवनशैली का सुंदर समावेश है। फिल्म से आयुष राजवैद्य और तिरांजलि गोस्वामी डेब्यू कर रहे हैं। आयुष ने अपने किरदार को एंग्री यंगमैन बताया, जिसमें रोमांस, एक्शन और कॉमेडी का मिश्रण है। तिरांजलि ने इसे अपने करियर की पहली फिल्म बताते हुए दर्शकों से अच्छे प्रतिसाद की उम्मीद जताई। फिल्म में करन खान, रजनीश झांझी और संजय महानंद भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म का गीत मोला बम्बई घुमा दे राजा सोशल मीडिया पर रिलीज हो चुका है, जिसे दर्शकों ने पसंद किया है।

### अवैध शराब कारोबार पर शिकंजा, दो गिरफ्तार





- भखारा पुलिस ने की कोसमर्रा, कोपेडीह व कोलियारी मोड़ में कार्रवाई
- 2 आरोपी गिरफ्तार, 64 पौवा देशी शराब जब्त, 180 बोरी लहान व भट्ठियां ध्वस्त

**धमतरी।** भखारा पुलिस ने ग्राम कोसमर्रा, कोपेडीह और कोलियारी मोड़ में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अवैध कारोबारियों पर शिकंजा कसा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अलग-अलग टीमों ने दबिश दी, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कोसमर्रा में पुलिस ने नया तालाब क्षेत्र से लेखराम पारधी (19) को गिरफ्तार कर उसके पास से 29 पौवा देशी शराब और 750 रुपये नगद जब्त किए। कुल 3,070 रुपये की जब्ती कर आरोपी को आबकारी एक्ट के तहत जेल भेजा गया। कोपेडीह में अवैध महुआ शराब निर्माण के ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 170-180 बोरी लहान और भट्ठियों को नष्ट किया गया। इस कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में दहशत फैल गई। कोलियारी मोड़ में घेराबंदी कर पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार तुलसी राम साहू (54) को गिरफ्तार किया, जिसके पास से 35 पौवा शराब, बाइक और नगदी सहित कुल 17,800 रुपये की जब्ती हुई।

### गिरौद स्कूल के मेधावी छात्र किए गए पुरस्कृत

**मगरलोड।** शासकीय माध्यमिक शाला गिरौद कक्षा 1 से 8 तक वार्षिक परीक्षा की घोषणा की गयी। प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। संकुल समन्वयक ने परीक्षा परिणाम अच्छा आने एवं कक्षा 5 वीं बोर्ड परीक्षा में वेदांत कुमार को 93 प्रतिशत अंक के साथ संकुल में प्रथम आने पर बधाई दी। इस वर्ष सभी बच्चों के लिए 6 पेज वाला रिपोर्ट कार्ड भी वितरण किया गया जिसमे वर्ष भर की समस्त गतिविधियों को अंकित किया जाता है। शासन द्वारा परीक्षा पद्धति मे बदलाव करते हुए अब तिमाही, छमाही व वार्षिक परीक्षा को जोड़कर समेकित अंक एवं ग्रेड का निर्माण किया गया है। प्रधानपाठक ने ग्रीष्मकालीन होमवर्क को पूरा करने की बात कही। समय का उपयोग करते हुए नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी करते रहने की सलाह दी गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य नंदिनी साहू, कुलेश्वर साहू, श्यामलाल साहू, भरत भूषण निषाद उपस्थित थे।

## नेताओं ने इसे जनविश्वास और विकास की जीत बताया

# बंगाल-असम चुनाव में भाजपा की जीत पर धमतरी में जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद धमतरी जिले में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जैसे ही चुनावी रुझानों और परिणामों में भाजपा की बढ़त सामने आई, शहर से लेकर गांवों तक जश्न का माहौल बन गया। कहीं मिठाइयां बांटी गईं तो कहीं पटाखे फोड़े गए, वहीं कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया। नेताओं ने इसे केवल चुनावी जीत नहीं बल्कि जनता के विश्वास, विकास की नीतियों और सुशासन पर लगी मुहर बताया।

विभिन्न जनप्रतिनिधियों और भाजपा नेताओं ने अपनी-अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे ऐतिहासिक क्षण बताया और भविष्य के लिए नई उम्मीदें जताईं।

### विश्व गुरु की ओर बढ़ता भारत : विजय

नगर निगम लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष विजय मोटवानी ने कहा कि यह जीत भारत को विश्व गुरु बनने की दिशा में मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता ने भाजपा को समर्थन देकर सांस्कृतिक मूल्यों और राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी है, जो आने वाले समय में देश को नई दिशा देगा।

### सेमरा डी में जश्न, डबल इंजन पर भरोसा : रंजना

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने ग्राम सेमरा डी में कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाते हुए कहा कि असम में विकास और बंगाल में परिवर्तन की चाहत ने भाजपा को मजबूती दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार पर जनता ने विश्वास जताया है।

### ऐतिहासिक बदलाव का संकेत : रोहरा

महापौर रामू रोहरा ने चुनाव परिणामों को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह राज्य की राजनीति में बड़े परिवर्तन का संकेत है। उन्होंने कहा कि जनता ने विकास, पारदर्शिता और सुरक्षा को प्राथमिकता दी है, जिससे भाजपा को समर्थन मिला है।

### विचारधारा और राष्ट्रवाद की जीत : नीलेश

सभापति नीलेश लूनिया ने कहा कि यह जीत राष्ट्रवाद और विचारधारा की जीत है। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास के साथ बंगाल अब विकास की नई राह पर आगे बढ़ेगा और यह परिवर्तन पूरे देश के लिए प्रेरणादायक होगा।

### परिवारवाद पर विकास भारी : अखिलेश

युवा नेता अखिलेश सोनकर ने कहा कि असम और बंगाल की जीत राष्ट्रवाद और विकास की जीत है। जनता ने तुष्टिकरण और परिवारवाद की राजनीति को नकारते हुए भाजपा को चुना है, जो आने वाले चुनावों के लिए संकेत है।

### मोदी की नीतियों पर मुहर : चेतन

जिला भाजपा कोषाध्यक्ष चेतन हिन्दूजा ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जनता ने विकास मॉडल को स्वीकार किया है और इसका असर पूरे देश में दिखाई देगा।

### सदर बाजार में उत्सव का माहौल

सदर बाजार में कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नागरिकों ने मिठाइयां बांटकर और आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और एक-दूसरे को बधाई देकर खुशी साझा की।

### झालमुड़ी के साथ अनोखा जश्न

युवा नेता पिंटू डागा ने सदर बाजार में झालमुड़ी बांटकर अनोखे अंदाज में खुशी जाहिर की। महापौर रामू रोहरा ने स्टॉल का उद्घाटन किया और इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनसंपर्क का अच्छा माध्यम बताया।

### यह जीत जनविश्वास का प्रतीक : कौशल्या

सभापति कौशल्या देवांगन ने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और पार्टी की नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आने वाले समय में विकास के नए आयाम स्थापित करेगी।

### भय, आतंक व कुशासन से मिली मुक्ति : मोनिका

जिला पंचायत सभापति मोनिका देवांगन ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, विकास नीतियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। बंगाल की जनता ने भय, आतंक व कुशासन से मुक्ति के लिए जनादेश दिया है।



### तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर धमतरी में जश्न

- कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी और नारेबाजी कर खुशी जाहिर की

तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद धमतरी में कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिला। पश्चिम बंगाल में बेहतर प्रदर्शन और असम व पुडुचेरी में पुनः पूर्ण बहुमत मिलने पर शहर में जश्न मनाया गया। लाल बहादुर शास्त्री चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर मिठाइयां बांटी और नारेबाजी करते हुए खुशी जाहिर की। इस दौरान युवा कार्यकर्ताओं ने झालमुड़ी बांटकर जीत को जनउत्सव का रूप दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और एक-दूसरे को बधाई दी। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और विकास के प्रति समर्थन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत ने यह सफलता दिलाई है। जनता ने सुशासन और राष्ट्रहित को प्राथमिकता देते हुए अपना स्पष्ट संदेश दिया है। मतदाता अब विकास कार्यों, पारदर्शिता और जनहित की योजनाओं को महत्व दे रहे हैं। आने वाले समय में भी सरकार इसी दिशा में कार्य करती रहेगी।

## सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए श्रमयोगियों ने किया प्रदर्शन



- हमाल श्रमिक संघ ने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

हमाल श्रमिक संघ छग ने भारतीय खाद्य निगम एवं स्टेट सिविल कार्पोरेशन में ठेकादारी प्रथा अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों को नये श्रम कानून के तहत लाभ दिलाने एवं शोषण रोकने की मांग कलेक्टर से की है। केन्द्रीय भंडार गृह निगम, राज्य भंडार गृह निगम सोरम, धमतरी के हमालों ने सोमवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर आवाज बुलंद की और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

हमाल श्रमिक संघ छग ने ज्ञापन में कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित नए श्रम कानून में असंगठित एवं ठेका श्रमिकों के लिए लाभकारी प्रावधान है। दुर्भाग्यवश ठेकेदारी प्रथा के कारण एफसीआई, सीजीएससीएससी संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों को उनके कानूनी अधिकार से वंचित रखा जा रहा है। 6 सूत्रीय मांगों के ज्ञापन में कहा है कि जो कार्य ठेका श्रमिक करता है वहीं कार्य नियमित श्रमिक करता है तो ठेका श्रमिकों को भी समान वेतन मिलना चाहिए। सामाजिक सुरक्षा संहिता के तहत ठेकेदार द्वारा श्रमिक का बीमा और भविष्यनिधि का लाभ सुनिश्चित किया जाए। लोडिंग-अनलोडिंग कार्य करने वाले श्रमिकों को नए कानून के तहत विशेष सुरक्षा दी गई है। इनका पंजीकरण ईश्रम पोर्टल पर अनिवार्य रूप से कराया जाए। गोदामों पर भारी काम के दौरान प्राथमिक चिकित्सा, सुरक्षा उपकरण, स्वच्छ पेयजल तथा विश्राम गृह की सुविधा। श्रमिकों का मजदूरी भुगतान बिचौलियों के बजाए सीधे बैंक खातों में किया जाए। एफसीआई, नान ठेका श्रमिकों को भी ग्रेज्युटी प्रदान करने की मांग की है।

हमाल संघ के डिसेंट कुमार, उगेश देवांगन, धनेशकुमार, नरेश वर्मा, संजय बंजारे, जगमोहन साहू, खिलेंद्र साहू, नारदराम, मुकेश सेन, चंद्रहास साहू का कहना है कि खाद्यान्न वितरण व्यवस्था की रीढ़ श्रमिक हैं। अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस पर उनकी मांग है कि संस्थानों में कार्यरत ठेका श्रमिकों के हित की रक्षा के लिए विशेष निरीक्षण दल गठित कर श्रमयोगियों को सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाया जाए।

## रेयांश को मिले 98.67 प्रतिशत अंक



**धमतरी।** लालबगीचा निवासी रेयांश शिंदे ने कक्षा दूसरी में 98.67 प्रतिशत अंक हासिल किया। सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र की इस उपलब्धि से विद्यालय और परिवार में खुशी का माहौल है। शिक्षकों के अनुसार रेयांश शुरू से ही अनुशासित, मेहनती और पढ़ाई के प्रति गंभीर छात्र रहा है। उसकी नियमितता और जिज्ञासु स्वभाव ने उसे यह सफलता दिलाई। परिजनों ने बताया कि उसे हमेशा सकारात्मक माहौल और मार्गदर्शन दिया गया।

# कमर्शियल गैस महंगी होने पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

- गोलबाजार के सामने केंद्र सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 993 रूपये की बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गोल बाजार के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बढ़ी हुई कीमतों को वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए और महंगाई के खिलाफ आक्रोश जताया।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि केंद्र सरकार ने अचानक गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाकर आम जनता और छोटे व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। उन्होंने कहा कि पहले भी कई बार गैस की कीमत में वृद्धि की जा चुकी है और अब 993 की भारी बढ़ोतरी ने लोगों को झटका दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकारें लगातार महंगाई बढ़ाने वाले फैसले ले रही हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों के चुनाव समाप्त होते ही कीमतों में इजाफा करना सरकार की नीति पर सवाल खड़ा करता है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि बढ़ी हुई कीमतों को तत्काल वापस लिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने यह फैसला वापस नहीं लिया तो कांग्रेस जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेगी।

इस दौरान पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार, जिला प्रभारी महामंत्री अरविंद दोशी, ब्लॉक अध्यक्ष गौतम वाधवानी, वरिष्ठ नेता गोपाल प्रसाद शर्मा, विजय प्रकाश जैन, हरमिंदर छाबड़ा, बृजेश जगताप, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष कविता बाबर, सलीम रोकडिया, सूर्यप्रभा चेटियार, जिला महामंत्री आलोक जाधव, विक्रांत पवार, आकाश गोलछा, उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष ग्रामीण अंबिका सिन्हा, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष शहर शास्त्री सोनवानी, पार्षद सुमन मेश्राम, रामनाथ यादव, राजेश पांडे, सलीम तिगाला, रफीक इत्रवाले, समीना खान, दीपक साहू, चंदन रजक, योगेश्वर साहू, रजत सोनकर, सूरज पासवान, हेमंत सेन, अविनाश मरोठे, आशुतोष खरे, राजू शेख, गोपाल कामड़े, गनेश्वरी कामड़े, मानिक साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### करगा में विदाई समारोह का आयोजन

**जीजामगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करगा में मीलूराम साहू सहायक ग्रेड, चैतराम साहू भृत्य दोनों को संयुक्त भावभीनी विदाई दी गई। संस्था के प्राचार्य बालमुकुंद यदु द्वारा सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला।













तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज